२ :दादी

प्रश्नावली

कहानी से

प्रश्न 1. लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ-साथ बचपन की और किन-किन बातों की याद आ जाती है?

प्रश्न 2. दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई थी?

प्रश्न 3. दादी माँ के स्वभाव का कौन सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों?

कहानी से आगे

प्रश्न 1. आपने इस कहानी में महीनों के नाम पढ़े. जैसे-क्वार, आषाढ़. माघ। इन महीनों में मौसम कैसा रहता है, लिखिए।

प्रश्न 2. 'अपने-अपने मौसम की अपनी-अपनी बातें होती हैं'-लेखक के इस कथन के अनुसार यह बताइए कि किस मौसम में कौन-कौन सी चीजें विशेष रूप से मिलती हैं?

अनुमान और कल्पना

प्रश्न 1. इस कहानी में कई बार ऋण लेने की बात आपने पढ़ी। अनुमान लगाइए, किन-किन पारिवारिक परिस्थितियों में गाँव के लोगों को ऋण लेना पड़ता होगा और यह उन्हें कहाँ से मिलता होगा? बड़ों से बातचीत कर इस विषय में लिखिए।

प्रश्न 2. घर पर होनेवाले उत्सवों / समारोहों में बच्चे क्या-क्या करते हैं? अपने और अपने मित्रों के अनुभवों के आधार पर लिखिए।

भाषा की बात

प्रश्न 1. नीचे दी गई पंक्तियों पर ध्यान दीजिए

ज़रा-सी कठिनाई पड़ते

अनमना-सा हो जाता है

सन-से सफ़ेद

समानता का बोध कराने के लिए सा सी का प्रयोग किया जाता है। ऐसे

पाँच और शब्द लिखिए और उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

प्रश्न 2. कहानी में 'छू छूकर ज्वर का अनुमान करतीं, पूछ-पूछकर घरवालों को परेशान कर देती'-जैसे वाक्य आए हैं। किसी क्रिया को जोर देकर कहने के लिए एक से अधिक बार एक ही शब्द का प्रयोग होता है।

जैसे वहाँ जा-जाकर थक गया, उन्हें ढूंढ-ढूंढ कर देख लिया। इस प्रकार के पाँच वाक्य बनाइए।

प्रश्न 3. बोलचाल में प्रयोग होनेवाले शब्द और वाक्यांश 'दादी माँ' कहानी में हैं। इन शब्दों और वाक्यांशों से पता चलता है कि यह कहानी किसी विशेष क्षेत्र से संबंधित है। ऐसे शब्दों और वाक्यांशों में क्षेत्रीय बोलचाल की खूबियाँ होती हैं उदाहरण के लिए-निकसार, ब्रह्मा, उरिन, चिउड़ा, छौंक इत्यादि शब्दों को देखा जा सकता है। इन शब्दों का उच्चारण अन्य क्षेत्रीय बोलियों में अलग ढंग से होता है, जैसे-चिउड़ा को चिड़वा, चूड़त्र, पोहा और इसी तरह छौंका को छौंक, तड़का भी कहा जाता है। निकसार, उरिन और ब्रह्मा शब्द क्रमशः: निकास, उऋण और ब्रह्मा शब्द का क्षेत्रीय रूप हैं। इस प्रकार के दस शब्दों को बोलचाल में उपयोग होनेवाली भाषा / बोली से एकत्र कीजिए और कक्षा में लिखकर दिखाइए।

उत्तर

कहानी से

उत्तर 1- लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ-साथ बचपन के बहुत सारी बाते याद आ जाती है, जैसे की बचपन में बीमार होने पे दादी का दिन रात सेवा करना, गंध-पूर्ण झाग भरे जलाशय में कूदना, गांव के बारिश में भीगना, अभिनय के समय चादर ओढ़कर सोना और पकड़े जाना, किशन भैया के शादी में औरतों द्वारा गाये जाने वाली गाना और रामी चाची की घटना याद आती है।

उत्तर 2- दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी, क्योंकि लेखक के पिता ने दादी माँ के माना करने के बाबजुद अतुल ब्याय किया, जो घर की सम्पत्ति नही थी कर्ज में लिये गए थे।

उत्तर 3- दादी माँ बहुत दयालु थीं। उसके रामी चाची के उधार न चुकाने पर भी दादी माँ उनकी बेटी की शादी में आर्थिक सहायता की है और घर की आर्थिक स्तिथि खराब होने के बावजुद दादा के दिए गए कंगन अपने बेटों को दे दिए थे। और दादी माँ के स्वभाव का ये पक्ष हमे सबसे अच्छा लगता है।

कहानी से आगे

उत्तर 1- क्कार- इस समय में ने गर्मी होती है, ना सर्दी होती है, ये महीना गर्मी का अंत है और इस समय आसमान साफ रहता है।

आषाढ़- इस समय बहुत ज्यादा गर्मी होती है और बिच बिच में बारिश होता है।

माघ- इस महीने में अत्यधिक सर्दी होती है।

उत्तर 2- मौसम तीन प्रकार के है- गर्मी ,बरसात और सर्दी

गर्मी- इस मौसम में बहुत ज्यादा गर्मी होता है, इस मौसम में बहुत सारा फल मिलता है जैसे की आम, लिची, अमरुद, ककड़ी, खीरा, अंगूर इत्यादि। इस समय लोग ठंडा पानीय पसंद लड़ते है जैसे गन्ने का जूस, नारियल का पानी। और सब्जी जैसे भिन्डी,टिंडा, कटहल इत्यादि ज्यादा मिलता है।

बरसात- बरसात के मौसम में बहुत ज्यादा बारिश होता है।इस समय बहुत सारा सब्जी मिलता है जैसे की बैंगन,परवल,अलुबोखरा इत्यादि।

सर्दी- इस समय बहुत ज्यादा सर्दी होता है और लोग गर्म पानी पीना पसंद करते है जैसे चाय। इस समय बहुत सारे फल और सब्ज़ियां मिलती है जैसे की केले,पालक, सरसों, बथुआ, मटर इत्यादि मिलता है।

<u>अनुमान और कल्पना</u>

उत्तर 1-गांव के लोगों को कई बार ऋण लेना पड़ता है, जैसे के शादी-बिबाह में, फसल के बुनाई के लिए, पशु खरीदने के लिए, किसी के मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार के लिए, मकान बनवाने के लिए, बच्चों की पढाई

के लिए। ये ऋण उनको बैंक, डाकघर, गांव के साहूकार और सहयोगी समितियों से मिलता है।

उत्तर 2- घर घर पर होने वाले उत्सव पर बच्चे अपने घर के बड़ो के काम में मदत करते है, घर को सजाते है, जैसे दिवाली में प्रदीप और रंगोली लगाए जाते है और बच्चे नए वस्त्र पहनते है और घर में बने व्यंजन का मजा लेते है।

<u>भाषा की बात</u>

उत्तर 1- सेब सा – बच्चे का गाल सेब सा लाल है।

शहद सा- ये फल सेहद सा मीठा है।

गोल सा- पूर्णिमा का चाँद गोल सा है।

जैसा- ये बैग खून जैसे लाल रंग का है।

नीला सा- समुन्दर नीला सा है।

उत्तर 2- (i) देख-देख कर वो साइकिल चलाना सिख गयी।

(ii) उसके पीछे दौर-दौर कर हम थक गए।

(iii) चिल्ला-चिल्ला कर उसकी गर्दन दर्द देने लगी।

(iii) मार-मार के थक गया।

(iv) सुन सुन के वो कबिता याद कर लिया।

(V) हस-हस कर वो बिस्तर से गिर गया।

उत्तर 3- पक्षी- पंछी ; नाटक- नौटंकी; स्नान- नहाना; कृष्णा- किशन; चेयर- कुरसी;

ठंडा- सर्दी; गगन- आसमान; घड़ा- मटका; चादर- चद्दर